हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 50 | देहरादून, शनिवार, 10 अगस्त, 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 8



सीडीओ कमठान की अध्यक्षता में हुई उद्योग मित्र समिति की बैठक 3

# मिलेट्स की खेती से राज्य के किसानों को मिलेंगे कार्बन क्रेडिट : सीएस राधा रतूड़ी

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कृषि व उद्यान विभाग को सभी पॉलिसी के अन्तिम प्रस्ताव भेजने की डेडलाइन दी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 10 अगस्त : उत्तराखण्ड में मिलेट पॉलिसी, हाई टेक एप्पल नर्सरी पॉलिसी, पोस्ट हार्वेस्ट इन्फ्रा पॉलिसी, कीवी फार्मिंग पॉलिसी, हनी पॉलिसी, महक रेव्ल्यूशन पॉलिसी, झंगौरा के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य ) के निर्धारण पर तेजी कार्य चल रहा है। इसके साथ ही राज्य में सेब उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों की सुविधा व हित को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में सेतु आयोग व कृषि एवं उद्यान विभाग की बैठक में UTPADAC (हाई डेनस्टि एप्पल पॉलिसी) में संशोधन के प्रस्ताव को अन्तिम रूप देने के लिए उद्यान विभाग को 15 दिन की डेडलाइन दी है। इस सम्बन्ध में सब्सिडी वितरण को तीन किस्तों में 80 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 10 प्रतिशत किये जाने पर चर्चा की गई। वर्तमान पॉलिसी के तहत 171 एकड़ क्षेत्र में सेब उत्पादन के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अभी तक 436 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

हाईटेक एप्पल नर्सरी पॉलिसी (PRADHAN ) के सम्बन्ध में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी सभी स्टेकहॉल्डर्स के साथ चर्चा करने के बाद पॉलिसी को अन्तिम रूप में जल्द से जल्द प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पोस्ट हार्वेस्ट इन्फ्रा पॉलिसी ( SUPHAL) में वांछित संशोधन के बाद इस राज्य से फंडिग करवाने के साथ अन्तिम रूप में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। कीवी क्लटीवेशन पॉलिसी को एक सप्ताह से पहले अन्तिम रूप में प्रस्तावित करने का निर्देश देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने इस सम्बन्ध में कीवी उत्पादकों को 80 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 10 प्रतिशत की तीन किस्तों में सब्सिडी वितरण पर चर्चा की है।





- संशोधित मिलेट पॉलिसी के तहत मिलेट्स की उत्पादकता बढ़ाने तथा क्षेत्र विस्तार पर फोकस
- एग्रीकल्चर मास्टर प्लान के तहत सॉयल प्रोफाइलिंग के कार्य को तत्काल शुरू

राज्य में एकीकृत मधुमक्खी उत्पादों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाई जा रही हनी पॉलिसी को अन्तिम रूप से प्रस्तावित करने के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उद्यान विभाग को 4 सप्ताह की डेडलाइन दी है। उन्होंने मिलेट पॉलिसी में वाछिंत संशोधन कर इसे भी जल्द से जल्द अन्तिम रूप में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। मिलेट पॉलिसी के तहत मिलेट्स की उत्पादकता बढ़ाने तथा क्षेत्र विस्तार पर फोकस किया जाएगा। सीएस ने निर्देश दिए हैं कि राज्य में गेहूँ व चावल की खेती से मिलेट्स की खेती में शिफट करने के विजन के साथ पॉलिसी पर कार्य किया जाए। उन्होंने मिलेट्स की खेती से राज्य के किसानों को मिलने वाले कार्बन क्रेडिट पर भी जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने झंगौरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को निर्धारित करने के प्रस्ताव को भी जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य में मिलेट्स उत्पादन की सटीक आंकडे. जुटाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य में फलोरीकल्चर की अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हल्द्वानी व ऋषिकेश में फूलों की मंडी स्थापित करने की कार्ययोजना पर कार्य करने के साथ ही मंडियों तथा विभागों के मध्य समन्वय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में सप्लाई चेन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने एग्रीकल्चर मास्टर प्लान के तहत सॉयल प्रोफाइलिंग के कार्य को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में टीडीसी का नाम परिवर्तित कर उत्तराखण्ड सीड कॉरपोरेशन करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, सेतु आयोग वाइस चेयरमैन राजशेखर जोशी, सहित कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# गैरसैंण में 21 से 23 अगस्त तक होगा उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 10 अगस्त : राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने तीन दिवसीय सत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अब तक 480 से अधिक प्रश्न मिल चुके हैं, जो पक्ष और विपक्ष के विधायकों द्वारा पूछे गए हैं। इन सवालों के उत्तर विभिन्न विभागों के माध्यम से तैयार किए जा रहे हैं।उत्तराखंड में विधानसभा का मानसून सत्र 21 अगस्त से ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में शुरू होगा। सरकार ने पहले ही निर्णय लिया था कि यह सत्र गैरसैंण में आयोजित होगा, जिसके लिए पत्रावली राजभवन को भेजी गई थी। अब राजभवन से स्वीकृति मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने सत्र के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। पहले दिन 21 अगस्त को सदन में अध्यादेश पेश किए जाएंगे और विधायी



कार्य होंगे। 22 अगस्त को भी विधायी कार्य किए जाएंगे जबकि 23 अगस्त को विधायी और असरकारी कार्य किए जाएंगे।विधानसभा सचिवालय ने मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर काम शुरू कर दिया है। अधिकारी और कर्मचारियों की एक टीम भराड़ीसैंण विधानसभा में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में जुटी है। तीन दिवसीय सत्र के दौरान प्रदेश सरकार अध्यादेश सदन के पटल पर पेश करेगी।

# उत्तराखंड : मानसून ने फिर पकड़ी रफ़्तार छह जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 10 अगस्त : मौसम विभाग ने फिर से प्रदेश के छह जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी झमझाम बारिश की सम्भावना है। अगले 5 दिनों में पहाड़ी जिलों में गरज के साथ भारी बारिश के आसार हैं।उत्तराखंड के अधिकांश इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। बीते दिन देहरादून में रुक-रुक कर बारिश होती रही। प्रदेश भर में बारिश और मलबा गिरने से 93 मार्ग बंद हो गए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन इन बंद रास्तों को खोलने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंड पुल के पास कटाव के कारण वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। उत्तरकाशी में दो राज्य और नौ ग्रामीण मार्ग बंद हैं, जबकि नैनीताल में एक राज्य और दस ग्रामीण मार्ग बंद हैं। वहीं रुद्रपुर में अभी तक 300 लोगों को बाढ़ से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है।मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तराखंड के छह जिलों के लिए भारी बारिश




का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जिलों में भी भारी बारिश की संभावना है। देहरादून, उत्तरकाशी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और उधम सिंह नगर के कुछ क्षेत्रों में गरज और चमक के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट है। अगले पांच दिनों तक प्रदेश के पहाड़ी जिलों में तेज बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने प्रदेश में 10 अगस्त से 14 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना को लेकर अलर्ट जारी भी किया है।

# कौन हैं बोहरा और आगाखानी मुस्लिम, जिनके लिए बनेगा औकाफ बोर्ड ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट ,10 अगस्त , केंद्र सरकार ने वक्फ अधिनियम, 1995 में कई संशोधन प्रस्तावित किए हैं. इसमें वक्फ बोर्ड का नाम बदलने से लेकर महिलाओं को प्रतिनिधित्व प्रदान करने और बोहरा और आगाखानियों के लिए एक अलग औकाफ बोर्ड बनाने तक के प्रस्ताव हैं. प्रस्तावित विधेयक में कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं, यह तय करने की बोर्ड की शक्तियों से संबंधित विवादास्पद धारा 40 को हटा दिया गया है. महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए, विधेयक में केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों की व्यापक आधार वाली संरचना प्रदान करने और मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रस्ताव है. यह बोहरा और आगाखानियों के लिए अलग औकाफ बोर्ड की स्थापना का भी प्रावधान करेगा. औकाफ वक्फ का बहुवचन है. आइए जानते हैं कि बोहरा और आगाखानियों कौन होते हैं.

**कौन होते हैं बोहरा**

बोहरा शब्द, गुजराती शब्द वोहरू व्यवहार से आया है, जिसका अर्थ है व्यापार. बोहरा समुदाय के मुस्लिम आमतौर पर व्यवसाय से जुड़े हुए हैं. बोहरा समाज के लोग मुस्लिम होते हैं, लेकिन वे आम मुस्लिमों से थोड़े अलग हैं. 20 लाख से ज्यादा बोहरा लोग महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कोलकाता, चेन्नई आदि स्थानों पर प्रमुख रूप से रहते हैं. बोहरा आम मुस्लिमों की तरह ही शिया और सुन्नी दोनों होते हैं. दाऊदी बोहरा शियाओं से ज्यादा समानता रखते हैं. वहीं सुन्नी बोहरा हनफी इस्लामिक कानून को मानते हैं.






**बोहरा मुसलमानों की उत्पत्ति**

दाऊदी बोहरा मुसलमान फातिमी इमामों से जुड़े हैं जो पैगंबर मोहम्मद के प्रत्यक्ष वंशज हैं. 10वीं से 12वीं सदी के दौरान इस्लामी दुनिया के अधिकतर हिस्सों पर राज किया. 'बोहरा' गुजराती शब्द 'वहौराउ', अर्थात 'व्यापार' का अपभ्रंश है. वे मुस्ताली मत का हिस्सा हैं जो 11वीं शताब्दी में उत्तरी मिस्र से धर्म प्रचारकों के माध्यम से भारत में आया था. 1539 के बाद जब भारतीय समुदाय बड़ा हो गया तब यह मत अपना मुख्यालय यमन से भारत में सिद्धपुर ले आया. 1588 में दाऊद बिन कुतब शाह और सुलेमान के अनुयायियों के बीच विभाजन हो गया. आज सुलेमानियों के प्रमुख यमन में रहते हैं, जबकि सबसे अधिक संख्या में होने के कारण दाऊदी बोहराओं का मुख्यालय मुंबई में है.

दाऊदी और सुलेमान बोहरा में फर्क

दाऊदी और सुलेमान के अनुयायियों में बंटे होने के बावजूद बोहराओं के धार्मिक सिद्धांतों में खास सैद्धांतिक फर्क नहीं है. बोहरा सूफियों और मजारों पर खास विश्वास रखते हैं. सुन्नी बोहरा हनफ़ी इस्लामिक कानून पर अमल करते हैं, जबकि दाऊदी बोहरा समुदाय इस्माइली शिया समुदाय का उप-समुदाय है. यह अपनी प्राचीन परंपराओं से पूरी तरह जुड़ी कौम है, जिनमें सिर्फ अपने ही समाज में ही शादी करना शामिल है. कई हिंदू प्रथाओं को भी इनके रहन-सहन में देखा जा सकता है.

**कौन हैं आगाखानी मुस्लिम**

इस्माइली या आगाखानी मुस्लिम समुदाय के लोग शिया मुस्लिम की एक शाखा है. इस समुदाय के लोग इमाम जाफ़र अस सादिक के बेटे इस्माइल बिन जाफ़र के अनुयायी हैं.इस समुदाय के लोग 25 से अधिक अलग-अलग देशों में रहते हैं. ये मुख्य रूप से मध्य और दक्षिण एशिया, अफ्रीका, मध्य पूर्व, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं. दुनिया भर में आगाखानी मुस्लिम समुदाय के लोगों की आबादी 1.5 करोड़ के करीब है. आगाखानी मुसलमान 950 साल पहले अफगानिस्तान के खैबर प्रांत से सिंध प्रांत आए और फिर भारत में आकर बस गए.

**पांच नमाज नहीं, हज भी नहीं करते**

आगाखानी समुदाय के लोग अन्य मुसलमानों से अलग है. इनके धार्मिक रीति रिवाज भी अलग हैं. ये दिन में पांच बार नमाज नहीं पढ़ते हैं. आगाखानी मुसलमानों को अलग-अलग नामों से जाना जाता है. इन्हें इस्माइली, खोजा मुस्लिम और निजारी मुस्लिम भी कहते हैं. इस्माइली मुसलमान जमातखानों में इबादत करते हैं, जहां पर महिलाएं भी पुरुषों के साथ मिलकर इबादत करती है. आगाखानी मुसलमान रमजान के दौरान पूरे महीने रोजा नहीं रखते हैं. इनका मानना है कि हर दिन खुदा का होता. ये हज पर भी नहीं जाते हैं.

**क्या करते हैं वक्फ**

वक्फ की संपत्ति का संचालन करने के लिए वक्फ बोर्ड बने हैं. देश भर में करीब 30 वक्फ बोर्ड हैं जो उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन करते हैं. सभी वक्फ बोर्ड वक्फ अधिनियम 1995 के तहत काम करते हैं. वक्फ कोई भी चल या अचल संपत्ति हो सकती है, जिसे इस्लाम को मानने वाला कोई भी व्यक्ति धार्मिक कार्यों के लिए दान कर सकता है. इस दान की हुई संपत्ति का कोई भी मालिक नहीं होता है. दान की हुई इस संपत्ति का मालिक अल्लाह को माना जाता है, लेकिन, उसे संचालित करने के लिए वक्फ बोर्ड बनाए गए है.

# नाखूनों पर आधा चांद दिखने वाले लोग कैसे होते हैं ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 10 अगस्त , समुद्र शास्त्र के अनुसार, नाखूनों पर दिखने वाला आधा चांद या लुनुला व्यक्ति के भाग्य और स्वास्थ्य के बारे में कई बातें बताता है। यह माना जाता है कि नाखूनों पर लुनुला का आकार और स्थिति व्यक्ति के जीवन में आने वाले बदलावों का संकेत दे सकती है। कुछ मान्यताओं के अनुसार, बड़े और स्पष्ट लुनुला वाले लोग स्वस्थ और भाग्यशाली होते हैं, जबकि छोटे या धुंधले लुनुला वाले लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह सिर्फ एक मान्यता है और इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

नाखूनों पर आधा चांद का क्या मतलब ?

समुद्रशास्त्र के अनुसार, नाखूनों पर दिखने वाला आधा चांद या लुनुला व्यक्ति के सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। जिन लोगों के नाखूनों पर स्पष्ट और बड़ा लुनुला होता है, वे आम तौर पर स्वस्थ, भाग्यशाली और बुद्धिमान होते हैं। ऐसा माना जाता है कि ये लोग जीवन में कई सफलताएं प्राप्त करते हैं और उन्हें धन-दौलत की कोई कमी नहीं होती। नाखूनों पर आधा चांद का होना व्यक्ति के अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन का भी संकेत माना जाता है।

सहयोगी और दयालु होते हैं

समुद्रशास्त्र के अनुसार, जिन व्यक्तियों के नाखूनों पर आधा चांद स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, वे प्रकृति से ही सहयोगी और दयालु होते हैं। ये लोग दूसरों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ऐसा माना जाता है कि इनके हृदय में दूसरों के लिए करुणा और सहानुभूति का भाव गहरा होता है। ये लोग न केवल अपने







परिवार और दोस्तों, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की भी मदद करते हैं। इस तरह, नाखूनों पर आधा चांद न केवल सौभाग्य का प्रतीक है, बल्कि व्यक्ति के उदार स्वभाव का भी संकेत देता है।

बुद्धिमान और तेज दिमाग वाले होते हैं

समुद्रशास्त्र के अनुसार, जिन लोगों के नाखूनों पर आधा चांद स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, वे अक्सर बुद्धिमान और तेज दिमाग वाले होते हैं। इनके पास तार्किक सोचने की क्षमता होती है और वे किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेते हैं। इसी कारण से, ये लोग अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, करियर हो या फिर व्यापार, ये लोग अपनी मेहनत और बुद्धि के बल पर हमेशा आगे रहते हैं।

ईमानदार होते हैं

जिन लोगों के नाखूनों पर आधा चांद होता है, वे न केवल बुद्धिमान और सहयोगी होते हैं बल्कि इनके दिल भी बेहद साफ होते हैं। ये लोग बेहद खरे और ईमानदार होते हैं। ये जो सोचते हैं, वही बोलते हैं और जो बोलते हैं, वही करते हैं। इनमें छल-कपट का कोई भाव नहीं होता। ये लोग हमेशा सच बोलने में विश्वास रखते हैं और दूसरों के साथ भी सच का व्यवहार करते हैं। इसी कारण से, ये लोग दूसरों के बीच काफी लोकप्रिय होते हैं और इन पर आसानी से भरोसा किया जा सकता है।

चुनौतियों और संघर्षों का सामना करते हैं

समुद्रशास्त्र के अनुसार, जिन व्यक्तियों के नाखूनों पर आधा चांद स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, वे जीवन में अक्सर कई चुनौतियों और संघर्षों का सामना करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन लोगों को सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करने होते हैं। हालांकि, ये संघर्ष इन्हें कमजोर नहीं बनाते बल्कि इन्हें और अधिक मजबूत बनाते हैं। इनका धैर्य और दृढ़ संकल्प इन्हें हर मुश्किल परिस्थिति से उबरने में मदद करता है। अंततः, इनके सभी प्रयास सफल होते हैं और ये जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं।

मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत

समुद्रशास्त्र के अनुसार, जिन लोगों के नाखूनों पर आधा चांद होता है, उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत माना जाता है। ये व्यक्ति आमतौर पर तनाव और मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम होते हैं। हालांकि, कुछ मान्यताओं के अनुसार, नाखूनों पर आधा चांद का होना कभी-कभी खराब स्वास्थ्य का संकेत भी हो सकता है। यह कुछ स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि विटामिन की कमी, किडनी की समस्याएं या अन्य स्वास्थ्य विकारों का संकेत हो सकता है। इसलिए, यदि आप अपने नाखूनों पर आधा चांद नहीं देख रहे हैं, तो आपको किसी चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए।

## प्रमुख ने महाविद्यालय को दी प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें

नई टिहरी। ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी ने राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर को 338 प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भेंट की। दो लाख रुपये अनुमानित लागत की यह पुस्तकें आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए काफी लाभप्रद साबित होंगी। महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुस्तकें विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी हैं। प्रतियोगी पुस्तकें वर्तमान शैक्षिक सत्र से ही छात्रों की मांग पर पढ़ने के लिए आवंटित की जाएगी। पुस्तकालय प्रभारी ने पुस्तकों की महत्ता को देखते हुए कॉलेज के छात्रों को अधिक से अधिक पढ़ने के लिए पुस्तकालय में संपर्क करने की अपील की है। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर उभान ने प्रतियोगी पुस्तकें भेंट करने के लिए ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, क्षेत्र पंचायत एवं प्रशासन का आभार जताया। मौके पर डॉ. विक्रम सिंह बर्त्वाल, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सपना कश्यप, विशाल त्यागी. डॉ. सुशील कगड़ियाल, डॉ. विजय प्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## देवप्रयाग में बाइक सवार दादा-पोती के पीछे दौड़ा गुलदार

नई टिहरी। तीर्थनगरी देवप्रयाग के समीप कोटी गांव में बाइक में स्कूल जा रहे दादा-पोती के पीछे गुलदार दौड़ने से उनकी सांस अटक गयी। बाइक को पूरी गति से चलाकर दोनों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक ने वन विभाग को गांव में पिंजरा लगाने के निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कोटी निवासी विजय कोटियाल रोज की तरह अपनी 14 वर्षीय पोती प्रियांशी को बाइक से स्कूल छोड़ने देवप्रयाग जा रहे थे। गांव से थोड़ा आगे निकलते ही अचानक सड़क के नीचे झाड़ियों में छिपा गुलदार बाइक के पीछे दौड़ने लगा। बाइक के पीछे बैठी प्रियांशी पर गुलदार द्वारा झपटने की कोशिश करते देख विजय कोटियाल ने हिम्मत दिखाते हुए बाइक को पूरी गति से दौड़ा दिया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी की दिल्ली उत्तराखंड सदन में शिष्टाचार भेंट हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने राज्य के विकास, अतिवृष्ट के कारण हुई आपदा एवं राहत कार्यों सहित विभिन्न मुद्दों के संबंध में विचार विमर्श हुआ।

# विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर डीएम हिमांशु खुराना ने लिया भराडीसैंण में व्यवस्थाओं का जायजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। गैरसैंण में होने वाले विधानसभा मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को भराडीसैंण में सभी नोडल एवं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सत्र की व्यवस्थाओं के लिए नामित सभी नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विधानसभा परिसर, वीवीआईपी, वीआईपीख अधिकारियों के आवास एवं बैरिकेडिंग स्थलों का निरीक्षण भी किया। भराडीसैंण में आगामी 21 से 23 अगस्त तक विधानसभा का मानसून सत्र प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून सत्र के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, आवास, भोजन, सड़क, पेयजल, विद्युत, वाहन, साफ सफाई आदि समुचित व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाए। सत्र के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। सड़क पर नालियों की सफाई और मलबे का निस्तारण कर सडकों को गड्ढा मुक्त किया जाए। प्रमुख स्थानों पर साइनेज लगाए जाएं। अस्थाई चिकित्सालय और दूरसंचार व्यवस्था दुरूस्त रखी जाएं। उन्होंने कहा कि सत्र की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार से चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मानसून सत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी संवेदनशील स्थलों पर



बैरिकेडिंग, वाच टावर, बैरियर लगाने को कहा। सुरक्षा बलों के लिए आवास, भोजन आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। जल निगम को विधानसभा के सभी आवासों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए। महत्वपूर्ण स्थानों पर पेयजल टैंकर की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

गौचर, भराड़ीसैंण, सलियाना बैंड स्थित हेलीपैड में फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, सेफ हाउस, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, डीएफओ कल्याणी नेगी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम एसके पांडेय, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान सुशील कुमार, सीएमओ डॉ.राजकेश पांडेय आदि सहित भोजन, आवास, पेयजल, विद्युत, सफाई, वाहन आदि व्यवस्थाओं से जुड़े विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद थे।

डीजल, पेट्रोल की आपूर्ति होगी सुनिश्चित

डीएम ने गौचर, कर्णप्रयाग, सिमली एवं गैरसैंण स्थित सभी पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ डीजल व पेट्रोल रिजर्व में रखने को कहा है। उन्होंने सत्र के लिए वाहनों की समुचित व्यवस्था के लिए परिवहन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। विद्युत विभाग से विद्युत आपूर्ति के वैकल्पिक व्यवस्थाओं पुख्ता रखने व दूरसंचार विभाग को विधानसभा भवन, सचिवालय, वीआईपी आवास, मीडिया सेल आदि प्रमुख स्थलों पर वाई-फाई एवं नेटवर्क की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

# सीडीओ कमठान की अध्यक्षता में हुई उद्योग मित्र समिति की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । जिलाधिकारी के निर्देशो के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग मित्रों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए तथा सिंगल विंडों सिस्टम के अन्तर्गत वास्तवित स्वीकृति ससमय प्रदान की जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग मित्रों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें। ईएसआईसी हॉस्पिटल हेतु छरबा में भूमि मिलने, औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई में पार्किंग व्यवस्था भूमि स्वीकृति तथा आगणन बनाये जाने, औद्योगिक आस्थान विकासनगर में नाली निर्माण, बाउन्ड्रीवाल, स्ट्रीट लाईट कार्यों प्रस्ताव तैयार होने तथा अधिकतर पूर्व मागों के निस्तारित होने, आद्यौगिक क्षेत्र मौहब्बेवाला सड़कों एवं नालियों के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत होने, राजकीय आद्यौगिक आस्थान लांघारोड की भूमि का डिमार्केशन होने आदि कई के निस्तारण किये जाने पर पर सम्बन्धित विभागों बधाई दी।

मुख्य विकास अधिकारीने उद्योग मित्रों द्वारा लालपुल से औद्यागिक आस्थान मार्ग पर अतिक्रमण हटाने तथा पुलिया निर्माण के प्रस्ताव पर एमडीडीए, नगर निगम को कार्यवाही के



निर्देश दिए। आद्यौगिक क्षे, सेलाकुई से बाहर की सड़क के गड्ढो भरने के कार्यवाही हेतु सीडा, नगर पंचायत सेलाकुई, तथा महाप्रबन्धन जिला उद्योग केन्द्र को निरीक्षण करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

उद्योग मित्रों द्वारा औद्योगिक आस्थानों बार-बार विद्युत कटौती किये जाने की शिकायत पर अवगत कराया गया कि ओवर हेडलाईन से जहां केबल क्षतिग्रस्त हो रखी थी वह बदल दी गई है, वर्तमान में विद्युत व्यवस्था सुचारू है। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया विद्युत कटौती की सूचना औद्योगिक आस्थानों को पूर्व में प्रेषित कर दी जाए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया जो प्रस्ताव शासन स्तर के हैं उनको समिति की ओर से शासन को प्रेषित किया जाए। उद्योग मित्रों द्वारा उनकी मागों के निस्तारण होने पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया।

बैठक में अपर मुख्य नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, औद्योगिक ऐसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, चेयरमैन राकेश भाटिया, कॉर्डिनेटर अनिल मारवाह, कार्डिनेटर पवन अग्रवाल, जलज भाटिया, ऋषिदास, तरूण गोयल अंशुमान गोयल, अधि.अभि यूपीसीएल अरविन्द कुमार, अभियंता जिला पंचायत वीरेन्द्र सिंह गुसांई सहित, नगर निकाय सेलाकुई, एमडीडीए, लोनिवि, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर ली अफसरों की बैठक

रुद्रप्रयाग। स्वतंत्रता दिवस को लेकर शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने अफसरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। जनपद के अमृत सरोवरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित करने, खेल विभाग को क्रॉस कंट्री दौड़ एवं फुटबॉल प्रतियोगिता अयोजित करने के निर्देश भी दिए। खेल विभाग ने बताया कि 10 अगस्त से अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग में इसके लिए खेल मैदान अगस्त्यमुनि में पंजीकरण शुरू कर दिए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस को लेकर अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 14 अगस्त को सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सभी शासकीय भवनों को प्रकाशमय किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायतों को निर्देशित किया। इसी तरह 15 अगस्त को प्रातः 6 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देश प्रेम व देश भक्ति के गीतों का प्रसारण करने लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बताया कि हर घर तिरंगा को लेकर 15 अगस्त को सभी गांव, शहरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाए जाने के लिए समस्त कर्मचारी, विद्यार्थी स्व प्रेरित होकर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराएंगे।

## पोस्टमास्टर को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

नई टिहरी। घनसाली के सिल्यारा डाकघर में कार्यरत पोस्टमास्टर गुलाब सिंह मियां शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। मौके पर विभागीय कर्मचारियों व ग्रामीणों ने उन्हें विदाई दी। वरिष्ठ नागरिक समिति के सचिव उम्मेद सिंह चौहान ने कहा कि डाक विभाग में कर्मचारी के रूप में उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लोगों की सेवा की। मौके पर मुख्य डाकघर टिहरी के जगदीश सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह पंवार, पंकज भंडारी, सतेंद्र कुमार यादव, सब्बल सिंह बिष्ट, रोशनलाल जोशी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने को तैयारी शुरू

नई टिहरी। स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। जिलेभर में राष्ट्रीय पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि 15 अगस्त को सभी सरकारी, गैर सरकारी इमारतों में विभागाध्यक्ष और कार्यालयाध्यक्ष सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। कलक्ट्रेट में साढ़े 9 बजे और मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी में मुख्य अतिथि 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। सुबह 7 बजे से शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएं प्रभातफेरी निकालेंगे। डीएम मयूर ने सभी विभागों को कार्यालयों में सफाई अभियान चलाने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके घर जाकर सम्मानित करने, स्मारकों व प्रतिमाओं, पार्कों सहित महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर सफाई, रंग रोगन व सौंदर्यीकरण कराने, स्कूलों में विचार गोष्ठी, निबंध, कविता प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। 14 अगस्त को विभिन्न आयु वर्ग में बालक व बालिकाओं की क्रॉस कंट्री रेस, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। 14 व 15 अगस्त को गाइडलाइन के अनुसार सभी सरकारी भवनों व स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक स्मारकों को प्रकाशित किया जाएगा। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौराहों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से देशभक्ति के गीतों का प्रसारण जिला सूचना अधिकारी कराएंगी। डीएम ने 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत फ्लैग ऑफ कोड का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रमों का सोशल मीडिया पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के विषय को जन समुदाय के बीच प्रचारित और प्रसारित के भी डीएम ने निर्देश दिए हैं।

### भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान को बनाए सफल

नई टिहरी। भाजपा का 11 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। इस दौरान प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराएंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मंडलवार प्रभारी भी नियुक्त किए। कहा कि 9 और 10 अगस्त को कार्यक्रम के लेकर प्रत्येक मंडल में बैठकें होनी चाहिए। कहा कि कार्य को हर कार्यकर्ता गंभीरता से लें। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक का जिले के सहप्रभारी रमेश चौहान और जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसके लिए हर व्यक्ति के अंदर भारत के गौरवशाली संस्कृति विरासत और देश प्रेम की भावनाएं होनी चाहिए। कहा कि 11 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए। कहा कि मंडल से लेकर बूथ तक कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठकें संपन्न होनी चाहिए। साथ ही मंडल, शक्ति केंद्र और बूथों में तिरंगा यात्रा भी निकाली जानी चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री राजेंद्र राजेंद्र जुयाल, उदय रावत,जाखणीधार की प्रमुख सुनीता देवी, भिलंगना प्रमुख बसुमति घणाता,नरेंद्रनगर प्रमुख राजेंद्र भंडारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मेहरबान रावत, दर्मियान कंडारी, गिरीश बंठवाण, परमवीर पंवार, हर्षमणी सेमवाल, शीशराम थपिलयाल,राजेंद्र कोली, मनीषा पंवार, उर्मिला राणा, ममता पंवार आदि मौजूद थे।

### ठेकेदार संघ के चौहान अध्यक्ष औरभ ट्ट बने सचिव

नई टिहरी। नगर पालिका के ठेकेदार संघ की बैठक में लंबित समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया गया। कहा कि कई ठेकेदारों का लंबे समय बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। जिस कारण उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने ईपीएफ को पंजीकरण में जरूरी न किया, लंबित भुगतान तत्काल किया जाए। बैठक में तीन वर्षीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए किशोर मंद्रवाल, देवेंद्र चौहान,वीरेंद्र नेगी को संरक्षक, रोशन चौहान अध्यक्ष, दिनेश पंवार, संदीप चौहान उपाध्यक्ष, दिवाकर भट्ट सचिव,पुरुषोत्तम पंत सहसचिव,जयेंद्र सिंह रावत कोषाध्यक्ष, मनजीत राणा सहकोषाध्यक्ष और विनोद ममगाईं कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। कहा कि ठेकेदारों की समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुटता के साथ कार्य किया जाएगा।

# देहरादून : ट्रैक मरम्मत के चलते 13 अगस्त से 4 ट्रेनें रद्द, 5 ट्रेनों का भी रूट डाइवर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 10 अगस्त : 13 अगस्त से मुरादाबाद-लखनऊ रेलखंड के मिरानपुर कटरा स्टेशन पर ट्रैक मरम्मत का काम शुरू होगा। इस मरम्मत के कारण इस रूट की चार ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों पर रद्द किया गया है। प्रभावित ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया जाएगा और कुछ ट्रेनें लेट भी चल सकती हैं।रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य आफताब खान ने जानकारी दी है कि रेलवे द्वारा मरम्मत कार्य के कारण मेगा ब्लॉक के तहत बरेली एक्सप्रेस ट्रेन 13, 14 और 15 अगस्त को रद्द की गई है। इसी तरह वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन 14, 15 और 16 अगस्त को रद्द रहेगी। इसके अतिरिक्त बरेली संगम एक्सप्रेस ट्रेन भी 14, 15 और 16 अगस्त को दोनों दिशाओं से रद्द कर दी गई है।

13 से 16 अगस्त तक ट्रेनों के रूट में बदलाव:15074 त्रिवेणी एक्सप्रेस (टनकपुर-सिंगरौली): 14 और 16 अगस्त को डायवर्ट।

15076 त्रिवेणी एक्सप्रेस (टनकपुर-शक्तिनगर): 15 अगस्त को डायवर्ट।

15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस (सिंगरौली-टनकपुर): 13, 14 और 15 अगस्त को डायवर्ट।

15075 त्रिवेणी एक्सप्रेस (शक्तिनगर-सिंगरौली): 14 अगस्त को डायवर्ट।

इन ट्रेनों को पीलीभीत से विशालपुर और शाहजहांपुर होते हुए लखनऊ भेजा जाएगा।

लक्सर, रुड़की, और हरिद्वार रूट निर्धारित समय से लेट ट्रेनः12332 जम्मूतवी से हावड़ा, हिमगिरी एक्सप्रेसः 15 अगस्त को 2 घंटे की देरी से।

15098 जम्मूतवी से भागलपुर, अमरनाथ एक्सप्रेसः 13 अगस्त को 2 घंटे की देरी से।

13152 जम्मूतवी से कोलकाता, कोलकाता एक्सप्रेसः 13 और 15 अगस्त को 2 घंटे की देरी से।

15910 लालगढ़ से डिब्रूगढ़, अवध असम एक्सप्रेसः 13 और 15 अगस्त को 2 घंटे देरी से।

12379 हावड़ा से देहरादून, कुंभ एक्सप्रेसः 15 अगस्त को 4 घंटे देरी से।

रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य ने बताया कि मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का संचालन 5 दिन के लिए प्रभावित होगा।

# विधायक आशु मलिक को विधानसभा मंत्रणा कार्य समिति सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

न्यूज वायरस नेटवर्क




सहारनपुर 10 अगस्तः उत्तर प्रदेश विधानसभा मंत्रणा कार्य समिति का नामित सदस्य विधायक आशु मलिक का आज समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आज उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजेश सैनी बड़कला के नेतृत्व में बेहट रोड स्थित सहारनपुर देहात विधानसभा के सपा विधायक आशु मलिक के आवास पर पहुंचे और उनका माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें इस नियुक्ति पर बधाई दी।

इस दौरान विधायक आशु मलिक ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उन पर भरोसा जताते हुए जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। श्री मलिक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में जनादेश दिया है, उसी तरह 2027 के विधानसभा चुनाव में सफलता हासिल करने के लिए जीजान से जुट जाएं और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाते हुए माहौल को सपा के पक्ष में बनाने का काम करें।

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजेश सैनी बड़कला ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने विधायक आशु मलिक को उत्तर प्रदेश विधानसभा मंत्रणा कार्य समिति का सदस्य नामित कर साबित कर दिया है कि आशु मलिक सपा के एक जनाधार वाले कद्दावर सिपाही हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का करें ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा को परचम लहराया जा सके। स्वागत करने वालों में उ.प्र. पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव राजेश सैनी बड़बला, अच्छन यादव, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल गफूर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इसरार चौधरी, डा. तौकीर महफूज अली.

## संक्षिप्त खबरें

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का किया उपचार

पिथौरागढ़। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर सीमांत के सल्ला गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। शुक्रवार को शिविर में डॉ. संजय कुमार ने ग्रामीणों को संक्रमित बीमारी से बचने के बारे में जानकारी दी। ग्राम प्रधान राकेश घटाल ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ते रोगों को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन पर शिविर आयोजित किया गया। कहा कि डॉ. कुमार ने 124 ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की। साथ ही 26 लोगों का रक्त परीक्षण भी किया गया। शिविर में बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सालय मुन्याछीन में मवेशियों से संबंधित बीमारियों की भी दवा वितरित की गई।

### हर घर तिरंगा अभियान तीन दिन चलेगा

पिथौरागढ़। भाजपा ने स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए ब्लॉक सभागार में बैठक की। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दर्पण कुमार ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान का आगाज किया है। इसके तहत कार्यकर्ताओं को घर-घर तिरंगा फहराने का जिम्मा दिया गया है। कहा कि 12 से 14 अगस्त तक पार्टी के कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालेंगे। इस दौरान लोगों को देश की आजादी के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विनीता बाफिला, प्रदेश अनुसूचित मोर्चा के मंत्री दिनेश आर्या, इंद्र सिंह धानिक, त्रिभुवन भंडारी, चारू पंत, मंजुल महेश्वर, धीरज बिष्ट, नंदन बाफिला, नरेंद्र रौतेला, जीवन धानिक, विमल पंत, देव रौतेला, भूपेश बाफिला, आशा भैसोड़ा, मंजू बाफिला, मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

### नेगी को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

श्रीनगर गढ़वाल। महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पौड़ी की जिम्मेदारी मिलने पर वरिष्ठ कांग्रेसी रेखा नेगी ने शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला, प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी का आभार व्यक्त किया है। नेगी ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर वह संगठन को मजबूती देने का काम करेंगी।

### श्रीनगर में 34 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण

श्रीनगर गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डा. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में 34 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही कैबिनेट मंत्री डा.रावत ने नगर निगम के 120 कर्मचारियों एवं सफाई सेवकों सहित तहसील प्रशासन कर्मचारियों को सम्मानित किया कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड में अभी तक 564 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये हैं। बताया कि प्रथम चरण में 454, द्वितीय चरण में 76 और तृतीय चरण में 34 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। मौके पर उप जिलाधिकारी नूपुर वर्मा, मातवर सिंह रावत, जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, वासुदेव कंडारी, जितेंद्र रावत, लखपत भंडारी, गणेश भट्ट, पंकज सती, कुशलानाथ, प्रमिला भंडारी, पूजा गौतम, देवेंद्र भट्ट, गणेश प्रसाद टम्टा आदि मौजूद थे।

### लिखित आश्वासन न मिलने पर छात्रों का धरना जारी

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विश्वविद्यालय में आरक्षित सीटों को सामान्य किए जाने, अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों में धांधली किए जाने और विवि प्रशासन से रोस्टर दिखाये जाने सहित अन्य मांगों को लेकर एबीवीपी और आर्यन छात्र संगठन का धरना शुक्रवार को गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन गेट के समीप जारी रहा। धरने में बैठे एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अमन पंत ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियुक्तियों के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बिना रोस्टर के आरक्षित सीटों को सामान्य वर्ग में कर दिया गया। जब विवि से इस संबंध में रोस्टर मांगा जा रहा है तो अधिकारी रोस्टर नहीं दिखा पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि गढ़वाल विवि में अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों में बड़ी संख्या में गड़बड़ी हुई है। साथ ही लाइब्रेरियन और डिप्टी लाइब्रेरियन व प्रोग्रामर की आरक्षित सीट को बदलकर भी सामान्य कर दिया गया है।

# मांगों पर कार्यवाही न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि में प्रति कुलपति की नियुक्ति सहित फीस वृद्धि किए जाने, पीएचडी प्रवेश परीक्षा में धांधली की जांच किए जाने सहित अन्य मांगो पर कार्यवाही न होने पर जय हो छात्र संगठन ने रोष व्यक्त किया है। शुक्रवार को मांगों पर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने विवि के कुलसचिव से वार्ता की। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने कहा कि नियुक्तियों और पीएचडी प्रवेश परीक्षा में धांधली की जांच किए जाने, फीस वृद्धि को वापस लिये जाने, प्रति कुलपति को पद से हटाये जाने कि मांग कि जा रही थी, लेकिन विवि प्रशासन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि जल्द मांगों कार्रवाई नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर पुनीत अग्रवाल, विरेंद्र सहित आदि मौजूद थे।

# केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपतियों को दे रही बढ़ावा

नई टिहरी। जिला किसान सभा ने थौलधार ब्लॉक के किरगणी में संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर कारपोरेट भारत छोड़ो कार्यक्रम के तहत बैठक की। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है। आम आदमी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहा है। लेकिन सरकार गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं की चिंता न कर कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचा रही है। शुक्रवार को आयोजित किरगणी में गुलाब सिंह कठैत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष भगवान सिंह राणा ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत ने कहा कि आजादी से पूर्व लोगों ने अंग्रेजों तुम भारत छोड़ो का नारा बुलंद किया था। लेकिन अब कारपोरेट भारत छोड़ो का नारा तेजी से प्रचलित हो रहा है। इस मौके पर नत्थी सिंह, कृष्णा कठैत,मंगल सिंह,आशा कठैत, शशि, बिशन सिंह, रणजीत सिंह, मुसदी लाल आदि आदि मौजूद थे।

# बाबा मोहन उत्तराखंडी को श्रद्धांजलि दी

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर ब्लॉक के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने शुक्रवार को बाबा मोहन उत्तराखंडी के 20वें बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मूल निवास भू कानून समिति के गढ़वाल संयोजक अरुण नेगी एवं कीर्तिनगर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रमोहन चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की स्थाई राजधानी गैरसैंण को बनाए जाने के अडिग संकल्प को लेकर बाबा मोहन उत्तराखंडी ने 38 दिनों के भीषण आमरण अनशन के बाद अपने प्राणों का बलिदान दिया था। कहा कि 2 जुलाई 2004 को चमोली जनपद के बेनीताल में अपना अनशन शुरू करने वाले बाबा मोहन उत्तराखंडी की मांग को तत्कालीन नारायण दत्त तिवारी सरकार ने नजरअंदाज किया,जिस कारण लगातार 38 दिन के अमरण अनशन के बाद 9 अगस्त 2004 को बाबा मोहन उत्तराखंडी ने राज्य के लिए अपना बलिदान दिया। लेकिन आज तक भी राज्य को अपनी स्थाई राजधानी नहीं मिल पाई है। वक्ताओं ने कहा कि बाबा मोहन उत्तराखंडी के बलिदान के इतिहास को स्कूली शिक्षा में शामिल करना चाहिए। मौके पर जसवीर नेगी, संजय भट्ट, दीपक, अनिल तिवारी, कुलबीर, राहुल अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड सरकार का महिलाओं को तोहफा, रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में करेंगी निशुल्क सफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 10 अगस्त : राज्य सरकार ने महिलाओं को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर एक विशेष तोहफा दिया है। रक्षाबंधन के दिन उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को किसी भी तरह का किराया नहीं देना होगा ।रक्षाबंधन इस साल 19 अगस्त को मनाया जाएगा, बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, जो उनके प्यार को मजबूत करता है। इस विशेष अवसर पर धामी सरकार ने बहनों के लिए रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की है। प्रदेश सरकार हर साल रक्षाबंधन पर महिलाओं को फ्री सफर की सुविधा प्रदान करती है, ताकि बहनें आसानी से अपने भाइयों के पास जा सके और उन्हें कोई परेशानी न हो। इस साल भी महिलाओं को रक्षाबंधन के मौके पर बसों में पूरी तरह से मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

महिलाओं का प्रदेश के अंदर व उत्तराखंड से उत्तराखंड जाने में यदि उत्तर प्रदेश का भू-भाग भी पड़ता है, तो उनको किराए में शत प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यात्रा के दौरान होने वाले खर्चों की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाएगी। रक्षाबंधन के अवसर पर सभी स्टेशनों पर रोडवेज बसों की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी। महाप्रबंधक संचालन ने निर्देश दिया है कि परिचालक ई-टिकट मशीन से राखी के दिन बसों में सवार बहनों के लिए टिकट पर धनराशि के स्थान पर शून्य अंकित करेंगे। इसके अलावा रक्षाबंधन के दिन निशुल्क सफर की सुविधा का विवरण अलग-अलग पंजिका तैयार करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं।






# एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने की थानेवार समीक्षा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 10 अगस्त : पुलिस लाईन पौड़ी में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौडी लोकेश्वर सिंह द्वारा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। एसएसपी द्वारा सर्वप्रथम समस्त कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा उनका समाधान करने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया व समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों में नियुक्त अधीनस्थ कर्मचारियों की प्रत्येक माह मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करने तथा उनकी व्यक्तिगत /पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।





- समस्त थाना प्रभारी गांव गांव जाकर ग्रामीणों को महिला सम्बन्धी अपराधों, साइबर अपराध व नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लगातार करें जागरूक
- कांवड मेले के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र व शाबासी देकर कार्मिकों का बढ़ाया हौसला

मासिक अपराध गोष्ठीः-

1. सर्वप्रथम महोदय द्वारा बीते कांवड मेले में पुलिस द्वारा लगातार कई-कई घण्टे ड्यूटी कर बिना किसी अप्रिय घटना के सकुशल सम्पन्न कराने पर समस्त पुलिस बल को शाबासी देकर उनका हौसला बढ़ाया गया साथ ही आगामी होने वाले मेलों/त्यौहारों में भी इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठ होकर पूर्ण ईमानदारी से ड्यूटी करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

2. 01 जुलाई 2024 से प्रभावी हुए तीन नये आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध में आ रही समस्याओं व सुझावों पर चर्चा करते हुये समस्त थाना प्रभारियों को आमजन को नये कानूनों की जानकारी देकर जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. थाना स्तर पर शिकायतकर्ताओं द्वारा की जाने वाली को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्र रिसीव कर उन पर त्वरित कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

4. समस्त थाना प्रभारियों को साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभावों व महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति प्रत्येक गांव व स्कूल/कॉलेजों में जाकर लगातार जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।

5. लम्बित धोखाधडी के अभियोगों की समीक्षा के दौरान अभियोग लम्बित रहने के कारणो की जानकारी लेते हुए सम्बन्धित थाना प्रभारियों को विवेचनाओं को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखने के कड़े निर्देश दिये गये साथ ही कोताही बरतने वाले विवेचकों व सम्बन्धित थाना प्रभारियो के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई।

6. जनपद में लम्बित जघन्य अपराध के केसों मुख्यतः हत्या, साईबर ठगी, चोरी एवं महिला अपराध से सम्बन्धित लम्बित अभियोगों का सम्बन्धित पर्यवेक्षण अधिकारियों के पर्यवेक्षण में प्रभारियों को अति शीघ्र नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

7. सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरीक्षक यातायात व समस्त थाना प्रभारियों को स्वयं रूटीन वाहन चैकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने व सांयकालीन चैकिंग के दौरान ड्रंक एण्ड ड्राईव व खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

8. जनपद में आबकारी अधिनियम के तहत वर्ष 2024 में अब तक 75 अभियोग एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत 25 अभियोग पंजीकृत किये गये। जुलाई माह में जिन थाना प्रभारियों द्वारा एनडीपीएस व आबकारी अधिनियम में अच्छा कार्य नही किया गया है उन थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध मादक पदार्थो व अवैध शराब/कच्ची शराब/ नकली शराब, बनाने/बेचने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिया गये।

9. "ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025" को साकार करने हेतु नशा उन्मूलन के प्रति दृढ़ संकल्पित रहकर अवैध नशे की बिक्री व तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने तथा जिन अभियुक्तगणों द्वारा अवैध रूप से सम्पत्ति अर्जित की है, उनकी अवैध अर्जित सम्पत्ति की जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये।

10. सी0एम0 हेल्पलाइन, मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग, पुलिस शिकायत प्राधिकरण, शासन, पुलिस मुख्यालय एवं रेंज स्तर से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण* करने हेतु निर्देशित किया गया।

11. उत्तराखण्ड पुलिस के सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर/ऑनलाइन पोर्टलों की समीक्षा की गयी तो समस्त थाना प्रभारियों को शत-प्रतिशत जी0ड़ी ऑनलाइन व आईसीजीएस लॉगिन करने हेतु निर्देशित किया गया।

कांवड ड्यूटी के दौरान सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 140 व माह जुलाई में थानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 28 पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन कर सम्मानित किया गया।

उक्त समीक्षा गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार जया बलोनी, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी अनुज कुमार, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार विभव सैनी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी पौड़ी राजेन्द्र सिंह खाती सहित समस्त थाना एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग के कर्मचारियों का कार्यबहिष्कार खत्म

हरिद्वार. परिवहन विभाग के निलंबित कर्मचारियों की बहाली के बाद एआरटीओ कार्यालय रोशनाबाद में तैनात कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार और धरना शुक्रवार को समाप्त हो गया। एआरटीओ कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से तीन दिन से कामकाज पूरी तरह ठप चल रहा था। कर्मचारियों की बहाली के बाद शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय में कामकाज शुरू हो गया। परिवहन विभाग के चार कर्मचारियों के निलंबन को वापस लेने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने आंदोलन की राह पकड़ ली थी। आंदोलन के शुरुआती चरण में रोशनाबाद स्थित एआरटीओ कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार भी किया था। जबकि एआरटीओ कार्यालय रोशनाबाद में तैनात कर्मचारियों ने मंगलवार से पूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया था। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के चलते एआरटीओ कार्यालय में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया था। मिनिस्ट्रियल कार्मिक संघ के महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष नीतिश मैठाणी ने बताया कि चारों निलंबित कर्मचारियों का निलंबन ससम्मान वापस ले लिया गया है। इसलिए कार्य बहिष्कार और धरने को समाप्त कर परिवहन विभाग के कर्मचारी काम पर वापस लौट गए हैं।

# तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर भाजपा ने की चर्चा

रुद्रप्रयाग। भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर बैठक का आयोजित की गई। जिसमें 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा मोर्चा को दोनों विधानसभाओं में भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली जाएगी। भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में शिरकत करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी व प्रदेश मंत्री मीरा रतूड़ी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा कि मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम हमारे प्रधानमंत्री की एक विराट सोच का ही नतीजा है कि हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश भर में 5 लाख वृक्षारोपण किया गया। जो भविष्य में भी सतत चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के दिशा निर्देश पर 11 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। युवा मोर्चा इसमें अहम भूमिका निभायेगा। कहा कि 12 से 14 अगस्त महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता कार्यक्रम किया जाएगा। 13 से 14 अगस्त महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण कार्य होगा। इस मौके पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, जिला प्रभारी ऋषि कंडवाल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नोटियाल, शकुंतला जगवान, सविता भंडारी, उमा आर्य, दीना नेगी, पार्वती गोस्वामी, अरुण चमोली, संपूर्णानंद सेमवाल आदि मौजूद थे।

# केंद्र सरकार ने बर्वाद कर दी खेती और किसानी

रुद्रप्रयाग। सीटू जिला कमेटी और अखिल भारतीय किसान सभा जिला काउंसिल रुद्रप्रयाग द्वारा संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर ऊखीमठ और बसुकेदार में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने किसानों के हितों पर हो रहे कुठाराधात को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभी ने उप जिलाधकिारी ऊखीमठ मे माध्यम से 17 सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और जिलाधिकारी को प्रेषित किया। ऊखीमठ तहसील में धरना प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम सेमवाल ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा पूरे देश भर में किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं को लेकर दोबारा आंदोलित हो गया है। अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट पूंजीपतियों के दबाव में पूरे देश की खेती किसानी को पूंजीपतियों को बेच दी है जिससे देश के किसान और मजदूर बर्बाद हो गए हैं। सरकार ने अपने तानाशाही के दबाव में किसानों के आंदोलन को निरंतर कुचलने का प्रयास किया है। बावजूद किसानों ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया।

# उत्तराखंड : 4 प्रधानों को केंद्र सरकार का न्योता स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में होंगी सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 10 अगस्त : पंचायती राज मंत्रालय के मानकों के आधार पर राज्यों द्वारा चयनित अपनी पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 150 महिला जनप्रतिनिधियों को केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को विशेष अतिथि के रूप में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

उत्तराखंड से चार महिला ग्राम प्रधान भी इस समारोह में शामिल होंगी। इनमें से दो प्रधान देहरादून जिले से और एक-एक प्रधान पौड़ी और पिथौरागढ़ से चुनी गई हैं। इन सभी को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन के लिए अपर जिला पंचायत राज अधिकारी डा. विनीता सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी निगरानी में सभी प्रधान 13 अगस्त को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभर से पंचायतों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। इसके लिए हाल ही में पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को महिला पंचायत प्रतिनिधियों का चयन करने के निर्देश दिए थे। राज्यों से प्राप्त नामों के आधार पर अंतिम सूची तैयार की गई है, जिसमें उत्तराखंड से चार महिला ग्राम प्रधान शामिल हैं। देहरादून जिले के सहसपुर ब्लॉक के ग्राम पुरोहितवाला पोस्ट घंघोड़ा की प्रधान मीनू क्षेत्री ने ग्राम पंचायत में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण, घर-घर पेयजल आपूर्ति और ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन जैसे कार्य किए हैं।

वहीं सहसपुर ब्लॉक के वार्ड आठ, केदारवाला की प्रधान तबस्सुम परवीन ने ग्राम पंचायत में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण, महिला अपराध के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम और ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन जैसे कार्य किए। पौड़ी जिले की खिर्सू ब्लॉक की ग्राम पंचायत मरखोड़ा की प्रधान मनीषा बहुगुणा ने पर्यावरण संरक्षण के तहत पांच हजार पौधे लगाए, बंजर भूमि पर तालाब बनवाए, कंप्यूटर और सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किए और जैविक खेती को बढ़ावा दिया। पिथौरागढ़ के डीडीहाट ब्लॉक की ग्राम पंचायत ननकुड़ी की प्रधान ममता ने गांव को खुले में शौच से मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया, शौचालयों का निर्माण कराया, प्लास्टिक कचरे के रिसाइक्लिंग को बढ़ावा दिया और सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं के लिए कूड़ेदान और सामुदायिक शौचालय बनवाए।

## व्यापार सभा के अध्यक्ष पद पर दो ने किया नामांकन

पौड़ी। व्यापार सभा के चुनाव को लेकर शुक्रवार से विभिन्न पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गई है। नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए दो, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शनिवार को नामांकन प्रक्रिया होने के बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। शहर में व्यापार सभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने नामांकन के साथ ही अपना चुनाव प्रचार भी तेज कर दिया है। व्यापार सभा चुनाव के मुख्य चुनाव अधिकारी कमल किशोर रावत ने बताया कि नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद पर विनय शर्मा व कुलदीप सिंह गुसांई ने नामांकन पत्र दाखिल किया जबकि सचिव पद पर निखिल रौथाण व कोषाध्यक्ष पद के लिए हर्षवर्धन जैन ने नामांकन पत्र दाखिल किया। है।

### 14 सितम्बर को लोक अदालत का आयोजन

चमोली। जनपद स्थित न्यायालयों में 14 सितम्बर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने बताया कि 14 सितम्बर को जिला न्यायालय परिसर गोपेश्वर व बाहय न्यायालय जोशीमठ, कर्णप्रयाग, थराली, पोखरी तथा गैरसेंण में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के मामले, एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक व कुटुम्ब न्यायालयों के मामले, श्रम, भूमि अर्जन के मामले, सिविल अपील, राजस्व के मामले, मनरेगा, विद्युत, जलकर के बिलों, बिक्री कर, आयकर, अप्रत्यक्ष कर वेतन भत्तों, वन आपदा प्रतिकर व अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सभी न्यायालयों से अनुरोध किया के अधिक से अधिक संख्या में लंबित वादों को लोक अदालत में निस्तारित करें।

### कर्णप्रयाग में शिक्षकों ने किया शिक्षामंत्री का सम्मान

चमोली। राजकीय शिक्षक संघ की ओर से बीते दिन ब्लाक सभागार में शिक्षामंत्री डॉ. धनसिंह रावत का सम्मान किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने मंत्री के सम्मुख प्रभारी प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यापकों को आहरण वितरण अधिकारी घोषित करने, वेतन विसंगति सहित कई मांगे रखी। जिलाध्यक्ष प्रदीप भंडारी ने शिक्षकों की विभिन्न मांगों को शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा। समारोह का संचालन जिला मंत्री प्रकाश चौहान ने किया। मौके पर डॉ. बृजमोहन रावत, सीमा पुंडीर, मोहन नेगी, मीनाक्षी सती, बीरेंद्र नेगी, अनिल डिडोडिपाल, हरेंद्र रावत, डा. कमलेश कुंवर, बीएन किमोठी, दशरथ कंडवाल, नरेंद्र कंडवाल, सुरेंद्र भगत, संतोष बिष्ट, भरत नेगी, भोपाल नेगी, पीएस बिष्ट आदि शामिल रहे।

### ट्राली की चपेट में आने से युवक की मौत

चमोली। प्राणमति नदी पर शुक्रवार को निर्माणाधीन ट्रॉली के रस्सी की चपेट में आया युवक ट्रॉली के साथ घिसड़ते चला गया और पहाड़ी से नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों के द्वारा जब उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली पहुंचाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थराली के प्राणमति नदी पर लोक निर्माण विभाग थराली द्वारा एक ट्राली लगाई जा रही थी। ट्राली का कार्य पिछले चार-पांच दिनों से शुरू हुआ था। शुक्रवार की सुबह थराली गांव निवासी विनोद बिष्ट भी ट्राली के नजदीक पहुंचा। ट्राली से कुछ लोग बाहर जा रहे थे कि अचानक ही ट्राली को खींचने वाला रस्सा पीछे की तरफ घूम गया और उसका पांव रस्सी की लपेट के साथ आ गया। देखते ही देखते युवक जिस स्थान पर ट्राली लग रही है उस पहाड़ी से नीचे गिर गया। स्थानीय लोग उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली तक लाये जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

### जयंती पर भगवान नर नारायण की पूजा की

चमोली। बदरीनाथ धाम में भगवान नर नारायण की जयंती शुक्रवार को शुरू हुई हो गई। सुबह भगवान श्री नर नारायण की विग्रह मूर्ति समारोह पूर्वक मंदिर परिसर से माता मूर्ति मंदिर को प्रस्थान हुई। माता मूर्ति मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना संपन्न हुई। शनिवार को भगवान नर-नारायण के अभिषेक और श्री बदरीनाथ भ्रमण के साथ ही जयंती का समापन हो जाएगा। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया भगवान नर नारायण के जन्म उत्सव के अवसर पर शुक्रवार सुबह बदरीनाथ मंदिर में बाल भोग के पश्चात भगवान नर नारायण की विग्रह डोली बदरीनाथ मंदिर परिसर से माता मूर्ति मंदिर माणा पहुंची। जहां धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट, माता मूर्ति मंदिर के पुजारी सुशील डिमरी ने भगवान नर नारायण की पूजा की और अभिषेक संपन्न किया। दोपहर डेढ़ बजे नर नारायण की विग्रह मूर्तियां श्री बदरीनाथ मंदिर परिसर में वापस विराजमान हो गई। मान्यता है कि भगवान विष्णु के अवतार नर-नारायण ने श्री बदरीनाथ धाम में तपस्या की तथा सहस्रकवच दैत्य के अत्याचार से मुक्त किया।

## सर्वश्रेष्ठ आंगनवाड़ी पुरुस्कार मिलने पर नारायणबगड़ क्षेत्र में खुशी की लहर

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड के आंगनवाड़ी केंद्र चोपता की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा सती को सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी पुरस्कार मिलने पर नारायणबगड़ क्षेत्र में खुशी की लहर है। ब्लॉक प्रमुख यशपाल सिंह नेगी, पूर्व विधायक डॉ. जीतराम, ग्राम प्रधान पृथ्वी सिंह नेगी समेत अन्य कई कार्यकर्ताओं ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा सती ने बताया कि उनको मिले इस प्रकार पुरस्कार से वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं और इस पुरस्कार से उन्हें आगे भी कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। ग्राम प्रधान चोपता पृथ्वी सिंह मिंगवाल नेगी ने बताया कि पुष्पा सती 1993 से आंगनवाड़ी केंद्र चोपता में कार्य कर रही हैं इतने सालों कार्य करने के दौरान सदैव उनके व्यवहार और कार्यशैली उत्कृष्ट रही वास्तव में वह इस पुरस्कार के काबिल थी। बाल विकास परियोजना अधिकारी सपना भट्ट और सुपरवाइजर शकुंतला टम्टा ने बताया कि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा सती की कार्यशैली से बहुत प्रभावित हैं। वह बहुत ही कर्मठ महिला हैं। बाल विकास द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए वह सदैव समर्पित रहती हैं।

### गजेंद्र बने राजकीय ठेकेदार संघ थराली के महामंत्री

चमोली। राजकीय ठेकेदार संघ थराली अध्यक्ष दिनेश रावत ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शुक्रवार को यशपाल सिंह नेगी, हरेंद्र गडिया, दर्शन सिंह नेगी को संरक्षक बनाया है। इसके अलावा सुजान सिंह भंडारी, प्रेम शंकर रावत, गोपाल सिंह दानू को उपाध्यक्ष, दलवीर रावत, नैन सिंह खत्री, गजेंद्र रावत को महामंत्री, मनोज चंदोला को सचिव राकेश भारद्वाज को कोषाध्यक्ष, खिलाफ सिंह बिष्ट को महासचिव, विनोद चंदोला को मीडिया प्रभारी, उमेश पुरोहित को सह मीडिया प्रभारी चुना गया है। अध्यक्ष दिनेश रावत की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सर्वप्रथम पिछली कार्रवाई का वाचन करने के उपरांत आय व्यय पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया अगर ठेकेदार संघ थराली कोई निर्णय लेता है सभी को मान्य होगा। प्रदेश कार्यकारिणी मंडल कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी के लिए सदस्यों का चयन आगामी बैठक में किया जाएगा। इस अवसर पर हरेंद्र सिंह बिष्ट, दर्शन सिंह रावत, नरेंद्र सिंह बुटोला, कमलेश चंदोला, दिनेश बिष्ट, रमेश जोशी, कैलाश चंद्र, गोपाल सिंह दानू, हुकम सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह रावत, राजेंद्र रावत, श्यामलाल, मनोज पाल, बालम सिंह, प्रमोद सिंह, खिलाफ सिंह रावत, खिमानंद जोशी, हीरा सिंह, प्रेम बल्लभ शर्मा, कुंदन परिहार, अनुवीर चिनवा, राकेश जोशी आदि ठेकेदार मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया

हरिद्वार। अग्नि शमन विभाग की ओर से शुक्रवार को मीनाक्षी पॉलीमर्स आईपी टू सलेमपुर महदूद में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें अग्नि शमन विभाग की ओर से खजान सिंह तोमर, विपिन तोमर, संदीप जोशी तथा ममता पांडे ने कर्मचारियों को आग पर काबू पाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन की ओर से कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप कुमार तोमर ने अग्निशमन विभाग की टीम की सराहना की।

### विधायक ने लॉन्ड्री का उदघाटन किया

हरिद्वार। लॉन्ड्री और ड्राई क्लीनिंग ब्रांड यूक्लीन ने दयानंद नगरी आर्य नगर में अपना नया स्टोर खोला। कार्यालय का उद्घाटन नगर विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने फीता काटकर किया। संचालक चंद्रशेखर, अमृता अरोड़ा, हिमांशु मिश्रा, अंकित मिश्रा, सन्नी चौहान,मयंक अग्रवाल, श्रवण कुमार, विनायक मिश्रा, रोहिणी ठाकुर,गौरव अरोड़ा,प्रतिक कुमार,मोनू सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### सड़क और नाली का निर्माण शुरू

हरिद्वार। नगर पालिका शिवालिक नगर के प्रथम अध्यक्ष राजीव शर्मा के प्रस्ताव पर टिहरी विस्थापित कालोनी गली नं ए- 16 और ए- 24 में सड़क व नाली निर्माण कार्य शुरू हुआ। शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश चंद औरटिहरी विस्थापित जनकल्याण समिति के अध्यक्ष रितेश गौड़ ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुल शर्मा, रितेश गौड़, प्रेम सागर, आरपी यादव, रमेश चंद, संदीप धीमान, प्रमोद डोभाल, एसपी बौठीयाल, सुधीर शर्मा, सुनील सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, शोभन दत्ता, प्रहलाद, सुनील गुप्ता, राजू कुमार आदि शामिल रहे।

### एससी/एसटी अत्याचार निवारण एक्ट में तुरंत एक्शन ले समाज कल्याण विभाग: जिलाधिकारी

हरिद्वार। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण एक्ट में तुरंत एक्शन लिया जाए। उन्होंने जिला कार्यालय सभागार में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 और नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अत्याचार-निवारण) अधिनियम 1989 एवं नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 योजनान्तर्गत 36 पीडितों के सापेक्ष धनराशि 28.75 लाख का व्यय किया गया।

### संस्कृत विद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण बनाने के निर्देश

हरिद्वार। संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज ने सभी प्रधानाचार्यो को संस्कृत विद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण हो, इस पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने बताया कि संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से वास्तु, ज्योतिष और पौरोहित्य में व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। उत्तराखंड संस्कृत विवि के सभागार में शुक्रवार को संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी प्राचार्यो ओर प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। बैठक में संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज ने कुलपति प्रो. दिनेश चंद शास्त्री तथा संस्कृत भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री गौरव शास्त्री का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति छात्र-छात्राओं के भविष्य को सुरक्षित रखती है।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिद्वार। भारतीय जागरूकता समिति ने एटीसी हरिद्वार, ट्रैफिक पुलिस और जिला विधिक प्राधिकरण के साथ मिलकर डिवाइन लाइट इंटर कॉलेज जगजीतपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें बच्चों को ड्रग्स, ट्रैफिक, साइबर लॉ के बारे में जागरुक किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव सिमरन जीत कौर, डिप्टी कमांडेंट अरुणा भारती और हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी, इंस्पेक्टर संजय चौहान, सब इंस्पेक्टर संजय गौर, कांस्टेबल मनोज भंडारी, पंकज कुमार, कार्यक्रम सचिव दीपाली शर्मा, निधि आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की कॉरिडोर हटाओ-हरिद्वार बचाओ जनजागरण यात्रा शुरू

हरिद्वार। कांग्रेस ने अपनी कॉरिडोर हटाओ-हरिद्वार बचाओ जनजागरण यात्रा का शुक्रवार को हरकी पैड़ी से शुभारंभ किया। छह दिवसीय जनजागरण यात्रा हरकी पैड़ी से अपर रोड होते हुए विष्णु घाट, रामघाट, मोती बाजार, बड़ा बाजार होते हुए सुभाष घाट पर समाप्त हुई। यात्रा के पहले दिन सुभाष घाट पर समापन अवसर पर बोलते हुए ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि कॉरिडोर के खिलाफ व्यापारी लोगों को आगे आना होगा, कांग्रेस उनके साथ खड़ी है।

रवि बहादुर ने कहा कि जनविरोधी सरकार के खिलाफ जनता का खड़ा होना जरूरी है। पूरा देश इनसे परेशान हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अनिल भास्कर के संयोजन में शुरू हुई छह दिवसीय यात्रा के पहले दिन शहर के समस्त कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस महासचिव अनिल भास्कर ने कहा कि पहले भी हरिद्वार में अतिक्रमण के नाम पर तोड़फोड़ हुई थी। तब भी पीड़ित लोग अपने-अपने साक्ष्य लेकर अधिकारियों के पीछे भागते रहे। लेकिन न तो अधिकारियों ने सुनी और न ही नगर विधायक जनता के साथ खड़े हुए। नगर विधायक के झूठ और सरकारी की जन विरोधी नीतियों को अब हरिद्वार में नहीं चलने दिया जाएगा। महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता व्यापारियों के साथ खड़ा है। कॉरिडोर के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक सब हरिद्वार की जनता को गुमराह कर रहे हैं। कांग्रेस जनजागरण यात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार के झूठ के खिलाफ खड़े होने का आह्वान कर रही है, जो लगातार चलता रहेगा। पूर्व राज्य मंत्री रकित वालिया और वरुण बालियान ने कहा कि जन विरोधी नीतियां अब जनता को समझ आ रही है। बस अब लोगों को राहुल गांधी के डरो मत के नारे के साथ खड़ा होना है। पूर्व सभासद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शर्मा ने कहा कि इस प्रकार का डर और संशय का माहौल हरिद्वार ने कभी नहीं देखा। व्यापारी भाइयों को भी अब खुलकर सामने आना होगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रवि बाबू शर्मा व युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विशाल प्रधान, प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु बहुगुणा व पूर्व प्रदेश सचिव विभाष मिश्रा ने कहा कि बीजेपी हर जगह व्यापारियों और हिन्दुओं के साथ धोखा करती आई है। यह बात अब जनता समझ चुकी है। इसलिए लोगों को डराकर उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। महिला प्रदेश महासचिव विमला पांडे व जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा, महानगर अध्यक्ष लता जोशी ने भी कॉरिडोर की निंदा करते हुए कहा कि यह हरिद्वार के हर परिवार से जुडा मुद्दा है। कॉरिडोर के कारण किसी का व्यापार जाएगा तो किसी का घर। आवश्यकता पड़ने पर महिला कांग्रेस इसके लिए घर-घर जन जागरण करने जाएगी। इस अवसर पर हरिद्वार व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव पाराशर, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सागर बेनीवाल, भेल मजदूर यूनियन के महामंत्री विकास सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविन्द शर्मा, महिला प्रदेश महासचिव नलिनी दीक्षित, शशि झा, जगदीप असवाल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष तुषार कपिल, एनएसयूआई अध्यक्ष याज्ञिक वर्मा, जिला महासचिव यूथ कांग्रेस शुभम जोशी, राजेंद्र श्रीवास्तव, अंकुर सैनी, सोनू लाला, शहनाज कुरैशी, इरशाद अली, विनोद कश्यप, जतिन हांडा, निर्वतमान पार्षद राजीव भार्गव, विजय भंडारी, तरुण व्यास, नितिन यादव, नितिन तेश्वर, आशीष प्रधान, अमन गौड़, मोती बाजार व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष मोहित गर्ग, वीरेंद्र श्रमिक, अनंत पाण्डेय, मुन्ना मास्टर, ऋषभ अरोड़ा, विकास चंद्रा, आकिब कुरैशी, दीपक कोरी, सपना सिंह, स्वाति शर्मा, हरीश सिंघल, यशवंत सैनी, सुनील सिंह, महेंद्र गुप्ता, जगदीश, हरद्वारी लाल, बृजमोहन बर्थवाल, सुनील, जॉनी रजौर आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### पदक सूरमाओं का दिन

हमारी हॉकी टीम ने स्पेन की टीम को 2-1 से पराजित कर एक बार फिर ओलंपिक कांस्य पदक हासिल किया है। यह अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मान है, गौरव है, क्योंकि 1972 के बाद ऐसे लम्हे सामने आए हैं कि भारत ने हॉकी में लगातार दो ओलंपिक पदक जीते हैं। टोक्यो ओलंपिक में भी हॉकी इंडिया ने कांस्य पदक जीता था। यह कांस्य ही भारत के लिए 'स्वर्ण' है, क्योंकि हमारे सूरमाओं ने ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को पराजित किया है। यह भी 1972 के बाद अब संभव हुआ है। विश्व की नंबर दो टीम ब्रिटेन के खिलाफ भारत को 10 खिलाडियों के साथ ही खेलना पड़ा। हम तब भी पराजित नहीं हुए। खेल पेनल्टी शूटआउट में गया, जहां श्रीजेश ने 'दीवार' बनकर गोल नहीं होने दिए और भारत ने ब्रिटेन को पराजित कर दिया। हमने मैदान पर अंग्रेज खिलाडियों को रोते हुए देखा। फिर कांस्य पदक के मुकाबले में उस स्पेन को शिकस्त दी, जिसने विश्व नंबर एक और टोक्यो ओलंपिक की चैम्पियन बेल्जियम की टीम को परास्त किया था। श्रीजेश ने स्पेन के साथ मुकाबले में 9 पेनल्टी कॉर्नर बचाए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान श्रीजेश ने कितने गोल बचाए और कांस्य पदक की दहलीज तक लाने में अपना योगदान दिया, उसका हिसाब अवर्णनीय है। अब श्रीजेश का 'शून्य' भारतीय हॉकी में महसूस किया जाता रहेगा। उनका विकल्प तैयार होने में समय लगेगा। यह ओलंपिक जीत और कांस्य पदक श्रीजेश को समर्पित किया गया है। साथी खिलाडियों ने कंधे पर बिठा कर उन्हें भावुक विदाई दी है। उनका संन्यास का फैसला अटल और अंतिम है, यह घोषणा श्रीजेश ने ही की है। बहरहाल अब ओलंपिक पदक जीतने के बाद सवाल यह उठता है कि क्या भारतीय हॉकी के अच्छे, पुराने और सशक्त दिन लौट रहे हैं? क्या हम अपनी स्वर्णिम और अजेय-सी विरासत को पुनः जिंदा करने के दौर में हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने कप्तान 'सरपंच साहब' (हरमनप्रीत) को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि हॉकी एक बार फिर जिंदा होगी। उसके लिए कोशिशें की जानी चाहिए। यह जीत आने वाली पीढियां याद रखेंगी।'' यकीनन भारत की हॉकी बदल रही है। अब हम विश्व में 3 या 4 नंबर की टीम हैं। यह भारत का सनातन और राष्ट्रीय खेल है। औसत बालक जब खेलने लगता है, तो उसके हाथ में डंडा होता है, जो समय के साथ हॉकी में परिणत हो जाता है। हॉकी से इसीलिए भारत का भीतरी लगाव है। यह गरीब और औसत परिवारों के बच्चों का खेल है। काफी समय तक हॉकी के लिए न तो पैसा पर्याप्त था, न बड़ी कंपनियों के प्रायोजन थे और न ही सम्मानजनक सरकारी नौकरी थी। हॉकी की तुलना में क्रिकेट बहुत अमीर खेल रहा है। बहरहाल अब वक्त बदल गया है, लेकिन एक दौर ऐसा भी था, जब हॉकी टीम विभिन्न मुकाबलों से खाली हाथ लौटती थी। यूरोपीय हॉकी ताकतवर हो रही थी, भारतीय शैली अप्रासंगिक-सी होती जा रही थी, लेकिन अब अच्छे दिन लौट रहे हैं कि हॉकी इंडिया सभी बड़ी टीमों को परास्त कर रही है। अब कोई भी 'अजेय' नहीं है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बाजार से लौट रहे युवक को पीटा

हरिद्वार। बाजार से लौट रहे ग्रामीण की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर श्यामपुर पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में रोहत पुत्र अतर सिंह, निवासी श्यामपुर ने बताया कि वह बीती आठ तारीख को कांगड़ी साप्ताहिक पैठ बाजार से खरीदारी कर वापस लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में वंश चौधरी, निखिल कश्यप, शिवांग पाल, रोहित पाल निवासीगण गांव कांगडी, विपिन रावत निवासी ज्वालापुर ने अपने 30-35 समर्थकों के साथ मिलकर उसे रोक लिया। आरोप है कि उसके बाद गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से बुरी तरह पिटाई कर दी। उसके बाद आरोपी हत्या की धमकी देकर फरार हो गए। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया

हरिद्वार। श्री अवध बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में ज्वालापुर इंटर कॉलेज में एक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 165 छात्र-छात्राएं शामिल हुई। जानकारी देते हुए संस्था की अध्यक्ष डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट की अपनी महत्वपूर्ण योजना 'सुनहरा भविष्य में बच्चों को अपना करियर संवारने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी कराएगा। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को निःशुल्क ऑनलाइन कंप्यूटर शिक्षा, रिजनिंग, इंग्लिश स्पीकिंग तथा सामान्य ज्ञान के साथ मोटिवेशन क्लास भी दी जाएगी।

## घर में घुसकर युवतियों से छेड़छाड़

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र में घर में घुसकर युवतियों से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध करने पर मनचला हत्या की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के पास वाराणसी निवासी युवक रणविजय सिंह पुत्र राधेश्वर सिंह रहता है। आरोप लगाया कि युवक उसकी बहनों और चचेरे बहन पर बुरी नीयत रखता है। आरोप है कि छह अगस्त को उसकी बहन और चचेरी बहन घर पर मौजूद थी।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में हिंदुओं एवं हिंदू मंदिरों की सुरक्षा को कड़े कदम उठाए केंद्र सरकार: व्यापारी

हरिद्वार। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही घटनाओं को लेकर महानगर व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों और सामाजिक जनप्रतिनिधियों ने लोकनाथ घाट पर मां गंगा से विश्व शांति की कामना की। बांग्लादेश की घटना को लेकर मोदी सरकार से संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ बातचीत कर हिंदुओं की सुरक्षा को कड़े कदम उठाए जाने की मांग की गई। अध्यक्ष सुनील सेठी ने विश्व के नागरिकों से मिल जुलकर हर किसी का सम्मान करने की अपील की। कहा कि बांग्लादेश में अराजक तत्वों की ओर हिन्दुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं। इससे मानवता शर्मशार हुई है। जिस प्रकार हिंदू मंदिरों और हिंदुओं को प्रताड़ित करने के वीडियो आ रहे हैं वह बेहद आहत करने वाले हैं।

### सीडीओ ने दिए समन्वय से काम पूरा करने के निर्देश

हरिद्वार। सीडीओ प्रतीक जैन ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (यूएसआरएलएम) और ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (यूजीवीएस-रीप) के तहत दोनों योजनाओं से जुड़े स्टाफ के साथ समन्वय बैठक की। जिसमें जिला परियोजना प्रबंधक रीप ने वर्तमान में संचालित गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही एनआरएलएम के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी डीईटी ने बैठक में दी। विकास भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में सीडीओ ने मौजूद स्टाफ को बताया की रीप परियोजना के एडब्ल्यूपीबी 2024-25 और यूएसआरएलएम के संघटक भाग के अनुसार प्रगति ली गई है। बैठक में सभी को समन्वय के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने सामुदायिक स्तर पर समूह और व्यक्तिगत स्तर पर संचालित उद्यमों, शेयर धन, अल्ट्रा पूअर, सीसीएल, लखपति दीदी आदि की प्रगति के साथ नतीजों पर जोर दिया। बैठक में सीडीओ ने एनआरएलएम रीप के सभी स्टाफ को निर्देशित किया कि जिले में उत्पादन और विपणन की बड़ी संभावनाएं हैं। इसके लिए संकुल स्तरीय संघों को व्यावसायिक रूप में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका आवश्यक है। बैठक में पशुपालन विभाग और उद्यान विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### ट्रेन की चपेट में आकर एक की मौत

हरिद्वार। जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एसओ जीआरपी अनुज सिंह ने जानकारी दी कि भेल सेक्टर दो के पास गुरुवार की रात हरिद्वार आ रही जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। करीब पचास वर्षीय मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिसके प्रयास किए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पूर्व सीएम और मंत्री ने किया रुद्राभिषेक

हरिद्वार। निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी की सावन के पूरे महीने चलने वाली शिव आराधना निरंतर जारी है। शुक्रवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत और यूपी के कृषि मंत्री स्वतंत्र कुमार श्री दक्षिण काली मंदिर पहुंचे और स्वामी कैलाशानंद गिरी के सानिध्य में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर देश-प्रदेश की प्रगति और खुशहाली की कामना की। आशीर्वाद देते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि भगवान शिव कल्याणकारी देव हैं और सभी भक्तों का कल्याण करते हैं। जो व्यक्ति श्रद्धा, भक्ति और विश्वास के साथ भगवान शिव की शरण में आता है, उसका कल्याण निश्चित है। इस मौके पर स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, लाल बाबा, बालमुकुंदानंद ब्रह्मचारी, आचार्य पवनदत्त मिश्र, चेतन शर्मा, मनोज जखमोला आदि शामिल रहे।

### स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों पर चलना होगा: रविंद्र पुरी

हरिद्वार। एसएमजेएन कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र का कल्याण होगा। उन्होंने आह्वान किया कि स्वतंत्रता समानता और बन्धुत्व के मूल्यों को समाज में समाहित कर भारत को उन्नत राष्ट्र बनाएं। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को अगस्त क्रान्ति के मौके पर दिए संदेश में यह बातें कही। इस मौके पर महाविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और राज्य आन्दोलनकारियों का सम्मान समारोह आयोजित कर शौर्य दीवार पर नमन किया गया। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि 09 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आन्दोलन की शुरुआत हुई थी। भारत छोड़ो आन्दोलन के मूल्यों और सरोकारों को आधुनिक समाज में आत्मसात करने की जरूरत है।

### बांग्लादेश में हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचार रोकने की मांग

हरिद्वार। देवभूमि भैरव सेना संगठन ने बांग्लादेश में हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। साथ ही देश में अवैध रूप से रह रहे गैर समुदाय के लोगों को भी देश से बाहर निकालने की मांग की। देवभूमि भैरव सेना संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र सिटी मजिस्ट्रेट कुसम चौहान को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में देवभूमि भैरव सेना संगठन जिलाध्यक्ष चरणजीत पाहवा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरिता मिश्रा, मनोरमा त्यागी, ममता रानी, रानी देवी, बबीता रानी, शहर अध्यक्ष बक्शी चौहान, जिला महामंत्री अनिल सैनी, जिला उपाध्यक्ष सौरभ चौहान, जिला उपाध्यक्ष मोहित सैनी, दिवाकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विशु चौहान, संजय कश्यप, मुकेश गुप्ता,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विक्की प्रजापति, विनय प्रजापति, अनुज कौशिक, श्याम सुंदर शर्मा मोहन शर्मा, मधुसूदन चौहान, मनोज कुमार, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### मनीष सिसोदिया को जमानत मिलने पर आप कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी जिला कार्यालय में मनीष सिसोदिया को जमानत मिलने पर मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर पार्टी की निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले में देर से ही सही सत्य की जीत हुई है। पार्टी पहले दिन से ही तथाकथित शराब घोटाले को फर्जी बता रही थी। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देकर स्पष्ट कर दिया कि ईडी और सीबीआई राजनीतिक द्वेष भावना के चलते आप नेताओं को फर्जी मामले में फंसा कर जेल भेज रही थी। कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आज बेहद खुश है और इससे पार्टी के मनोबल में वृद्धि होगी।

### किरोड़ा नाले में मैक्स जीप बही, एक की मौत

चम्पावत। टनकपुर में शुक्रवार को एक मैक्स जीप पूर्णागिरि रोड पर किरोड़ा नाले में बह गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम आकाश जोशी मौके पर पहुंचे। साथ ही एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। सात लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। जिन्हें उप जिला चिकित्सालय टनकपुर लाया गया है। जिनमें से एक किशोरी की मौत हो गई है।

# मंत्री गणेश जोशी के निर्देश, सेब बागवानों को फसल बीमा का मुआवजा दिया जाए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 10 अगस्त : कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए किसानों को तत्काल फसल बीमा की धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस बाबत कृषि मंत्री ने कैप कार्यालय में बीमा कंपनी द्वारा जनपद उत्तरकाशी के किसानों का बीमा निरस्त करने के संबंध में कृषि महानिदेशक, उद्यान निदेशक तथा एसबीआई बीमा कंपनी के स्टेट हेड के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय अधिकारियों और बीमा कंपनी के अधिकारियों को किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए किसानों को तत्काल बीमा धनराशि का मुआवजा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने महानिदेशक को तत्काल अपने स्तर से कार्यवाही करने और भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार ब्लॉक, तहसील स्तर पर बीमा कंपनी द्वारा अधिकारी व कर्मचारी की तैनाती के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा वर्षा/सूखा एवं ओलावृष्टि से फसलों की सुरक्षा के लिए बीमा कराया गया हैं तो ऐसे में किसानों को उनकी फसल बीमा का उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस बारे में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी पत्र लिखकर इस प्रकरण को अवगत कराया है और राजकीय पोर्टल को पुनः खोलने का अनुरोध किया है ताकि सेब की फसल का बीमा पुनः हो सके। गौरतलब है कि जनपद उत्तरकाशी के नौगांव, पुरोला और मोरी ब्लॉक के किसानों द्वारा कुछ दिन पूर्व कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपकर उन्हें मामला अवगत कराया था। ज्ञापन में कृषकों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत माह दिसम्बर-जनवरी (2023-24) में सेब की फसल का बीमा किया गया था, परन्तु सीएससी / एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमा धनराशि प्राप्त करने के उपरान्त भी किसानों का बीमा निरस्त किया जा रहा ओर जिन किसानों का प्रीमियम एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा वापिस किया गया है, उनको बीमा करने की अनुमति पुनः प्रदान करने का आग्रह किया गया था।

**■ किसानों को बीमा की प्रीमियम राशि वापिस किए जाने पर मंत्री गणेश जोशी ने लिया गंभीरता से, कहा- गलती सुधारे बीमा कम्पनी**

बैठक में कृषि एवं उद्यान महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, उद्यान निदेशक दीप्ति सिंह, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधिगण एवं उत्तरकाशी से प्रगतिशील किसान संजय थपलियाल एवं आजाद डिमरी भी उपस्थित रहे।

# अमित कुमार सिन्हा ने माउंट कांग्यात्से फटफ के लिए फ्लैगऑफ किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 10 अगस्त , राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम से अमित कुमार सिन्हा - विशेष प्रमुख सचिव खेल, उत्तराखंड शासन द्वारा उत्तराखंड के युवा व प्रतिभावान पर्वतारोही अंकित कुमार भारती को राष्ट्रध्वज प्रदान करते हुए माउंट कांग्यात्से 1 व कांग्यात्से 2 को फतह करने हेतु फ्लैग ऑफ किया गया। माउंट कांगयात्से 1 व कांगयात्से 2, उत्तर-पश्चिम भारत के हिमालय लद्दाख क्षेत्र में मारखा घाटी में स्थित दो जटिल शिखर हैं, जिसकी ऊंचाई 6250 मीटर व 6400 मीटर है।

इससे पहले इसी वर्ष पर्वतारोही अंकित कुमार भारती ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची दुर्गम चोटी माउंट किलिमंजारोर पर राष्ट धवज फहराकर देश का नाम रोशन किया ।अंकित भारती उत्तराखण्ड एथलेटिक्स एसोशिएसन में टेक्निकल कमेटी के सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं।अंकित ने 2019 में बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स किया तथा इसके बाद 2021 में उन्होंने नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग से एडवाँस माउंटेनियरिंग कोर्स ए ग्रेड के साथ पूरा किया और 2024 में सर्च एण्ड रेस्क्यू कोर्स नेहरू पर्वतारोहण संस्थान से पूरा किया।उनका अगला लक्ष्य 2025 में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट- एवरेस्ट फतह करने का है। इस फ्लैग ऑफ़ के अवसर पर श्री राजेश ममगांई - प्रिंसिपल महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, श्री के जे एस कलसी - सचिव उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ व श्री मनीष रावत - ओलंपियन विशेष तौर पर उपस्थित थे। अमित कुमार सिन्हा के साथ सभी ने अंकित भारती को अपने अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने की शुभकामनाएं दीं।

# राठ महाविद्यालय पैठाणी में हुई शिक्षक-अभिवाहक संघ की बैठक

पौड़ी। राठ महाविद्यालय पैठाणी में शुक्रवार को शिक्षक-अभिवाहक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व खंड विकास अधिकारी आशाराम पंत को अध्यक्ष, महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक राम सिंह नेगी को महासचिव चुना गया। बैठक में महिधर प्रसाद नौटियाल को उपाध्यक्ष, हर्षबर्धन कंडारी को सह सचिव, सुरेशलाल को कोषाध्यक्ष, पूनम और सुषमा देवी को सदस्य नामित किया गया। संरक्षक (पदेन) प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में शिक्षक के साथ-साथ उनके अभिवावकों की भी उतनी ही भूमिका है। बीएड विभागाध्यक्ष डा. प्रवेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सहयोग की भावना से ही संस्था का विकास संभव है। महासचिव राम सिंह नेगी ने कहा कि गाड़ी के पहियों की तरह किसी भी संस्था को गति प्रदान करने के लिए उसके मजबूत अंगों का सहयोग ज़रूरी है। नव नियुक्त अध्यक्ष आशाराम पंत ने कहा कि छात्रों एवं संस्था के विकास में जो भी सहयोग ज़रूरी होगा वह उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डा.श्याम मोहन सिंह, डा. शिवेंद्र सिंह, डा.लक्ष्मी जुगरान, डा. दुर्गेश नंदिनी, डा. गोपेश कुमार सिंह, डा. वीरेंद्र चंद आदि शामिल रहे।

## ग्रामीणों ने रास्तों और पेयजल स्त्रोत की सफाई की

पौड़ी। बीजीआर परिसर के विधि विभाग में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से नशे से दूर रहने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी गई। परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डा.रामप्रकाश ने छात्रों को विभिन्न कानूनी जानकारी दी। परिसर निदेशक प्रो.यूसी गैरोला ने नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रमोद कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर मुकेश रावत आदि शामिल रहे।

## एबीवीपी ने डीएसडब्ल्यू को सौंपा ज्ञापन

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. महावीर सिंह नेगी को ज्ञापन प्रेषित किया।

एबीवीपी के जशवंत सिंह राणा ने कहा कि सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर गढ़वाल विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। कहा कि उत्तराखंड में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते दूरस्थ गांवों के छात्र-छात्राएं सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में सम्मलित नहीं हो पाएं है। जानकारी के अभाव में छात्र विषयों का सही चयन नहीं कर पाये हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए गढ़वाल विवि प्रशासन से रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने की मांग की है।मौके पर महिपाल, हिमांशु भंडारी, पंकज फर्सवाण, हर्षित नेगी, गौरव लिंगवाल आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरेश अध्यक्ष व रवीश प्रबंधक बने

चम्पावत। पाटी में डॉ. लीलाधर भट्ट विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी व संभाग निरीक्षक सुरेशानंद जोशी की देख रेख में हुए कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सुरेश चंद्र भट्ट को अध्यक्ष और रवीश पचौली को प्रबंधक बनाया गया। इसके अलावा जगदीश टकवाल को उपाध्यक्ष, राजेंद्र लडवाल को सहायक प्रबंधक, राम सिंह मेहता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। हीराबल्लभ पचौली, भगीरथ सौराड़ी, राकेश पाटनी, पीताम्बर सौराड़ी, मयंक गहतोड़ी, भगवान लाल, तुलसी जोशी, ममता बिष्ट, जगदीश गहतोड़ी, बसंत टकवाल, किशोर चंद्र को सदस्य बनाया गया। इस दौरान देवेंद्र सिंह मौनी, तेज सिंह बिष्ट, गोपेश पचौली, महेश चंद्र जोशी, बबलू पाटनी, राजेंद्र चंद्र पचौली आदि मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस ने किया पौधरोपण

पौड़ी। युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पौड़ी में शुक्रवार को कंडोलिया में पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के सदस्यों ने संदेश दिया गया कि हम सब ऐसा कार्य करें जो न केवल आज के लिए बल्कि आने वाले वर्षों के लिए भी फायदेमंद हो। पेड़ हमारे जीवन का आधार है वे हमें ऑक्सीजन देते हैं, पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, और पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखते हैं। कहा कि आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में पेड़ लगाना हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि हमारे संगठन की सामाजिक जिम्मेदारी को भी दर्शाएगा। कहा कि यह कार्य केवल प्रतीकात्मक नहीं होना चाहिए बल्कि हमें इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहित सिंह, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी, प्रदेश सचिव संजना गुजराल, नितिन रावत, जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, विजयदर्शन बिष्ट, अमन, मुकुल,आयुष, देवेंद्र, उज्ज्वल, शुभम आदि मौजूद रहे।

### पौड़ी में कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन

पौड़ी। गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी में शुक्रवार को भी छात्रसंघ पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के हल की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन में तालाबंदी करते हुए कुलपति का पुतला फूंका। इस दौरान आक्रोशित छात्र नेताओं ने विवि प्रशासन पर लंबे समय से समस्याओं को दूर करने के बजाय कोरे आश्वासन देने का आरोप लगाया। चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। शुक्रवार को प्रशासनिक भवन में तालेबंदी के दौरान छात्र नेताओं ने कुलपति का पुतला फूंका। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने कहा कि पौड़ी परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बसों का संचालन, डिप्टी रजिस्ट्रार असिस्टेंट रजिस्ट्रार की नियुक्ति, खेलने के लिए वॉलीबॉल मैदान व बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण, प्रोफेशनल कोर्स बीबीए, एमबीए, बीए एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी व बीपीएड कोर्स का संचालन करवाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। परिसर में 2015 से बीकॉम संचालित किया जा रहा है, लेकिन एमकॉम करने के लिए छात्रों को मुक्त विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय में दाखिला लेना पड़ता है। उन्होंने परिसर में एमकॉम कोर्स संचालित करवाने व सीयूईटी के रिजल्ट में हो रहे विलंब को देखते हुए प्रथम वर्ष के दाखिले मेरिट के आधार पर करवाने की मांग भी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो अग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर लवीश नेगी, खुशी, रिया, मानसी, हिमांशु, सागर, मानसी सिंह, ऋषभ बलूनी, आदि शामिल रहे।

### बंदर के हमले में महिला घायल

पौड़ी। नगर पंचायत क्षेत्र में एक महिला को बंदरों ने बुरी तरह से घायल कर दिया है। बुजुर्ग पर बंदरों के हमले के चलते क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को वार्ड नंबर 4 में रहने वाली 52 वर्षीय महिला सर्वेश्वरी जब अपने घर की चौक पर बैठी हुई थी तभी बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। महिला के चेहरे और गले पर महिला को सतपुली बाजार के एक निजी क्लीनिक में उपचार कराया जा रहा है। महिला के पति आलम सिंह व पड़ोसियों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है।